Dabang Dunia

टिकर ने नया उत्पाद टिकर मार्केट किया लांच

अब उपभोक्ताओं को मल्टीपल एप्स से मिलेगी आजादी

इंदौर। टिकर प्लांट लिमिटेड (टिकर) पूरी तरह से 63 मूंस टेक्नोलॉजी की साझेदार है। टिकर ने नया और बाजार संचार समृद्ध फीचर लांच करने के शुभारंभ की घोषणा की है, जिसे टिकर मार्केट कहा गया है। इसमें इक्विटी, कमोडिटीज, करेंसी, म्यूचुअल फंड जैसी सभी संपत्ति शामिल हैं। नई एप के लांच के साथ टिकर का मकसद आम निवेशकों के लिए शून्य लागत पर गुणवत्ता वाले उत्पाद की पेशकश करना है।

इस नई एप में कई विशेषताएं जैसे मार्केट एनालिसिस, वीडियो कम्युनिकेशन, फंड डिटेल, लर्निंग टूल्स, आईपीओ सिक्लेक्शन शामिल है। इस सेगमेंट के पहले फीचर में टिकर टीवी और ट्रेड नाऊ आदि जैसी कुछ विशेषताएं हैं। निवेशकों के लिए एक अतिरिक्त लाभ के रूप में वे मार्केट और इकोनॉमी के बारे में अर्थशास्त्री शोध प्रमुख विशेषज्ञों के विचार देख सकते हैं। शनिवार को इंदौर में एक कार्यक्रम के माध्यम से यह एप लांच की गई। इस अवसर पर टिकर के जॉइंट सीईओ अरिंदम साहा ने बतायाा पहली बार भारतीय शेयर बाजार के सभी लोकप्रिय सेग्मेंट जैसे फ्रेंडली फीचर, आईपीओ, टिकर टीवी, लर्निंग, एमएफ इत्यादि सभी इस एक एप में उपलब्ध हैं। इसमें टिकर मार्केट के अलावा 2018 में टिकर से जुड़े नौ नए उत्पादों को देखा जाएगा। उनमें से कुछ मशीन संबंधी सीख और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी में भी मदद देगी। भारत के साल्वेंट एक्सट्रेक्टर्स एसोसिएशन के कार्यकारी निदेशक डॉ. बीवी मेहता ने कहा सही और समय पर बाजार की जानकारी निर्णय लेने में मदद करती है। टिकर की ये नई एप व्यापार, उद्योग और किसानों को अद्यतन जानकारी पाने और उनके व्यवसाय में मददगार बनेगी।